# Uttar Pradesh Combined Agriculture and Technology Entrance Test -2015

NARENDRA DEVA UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY, KUMARGANJ, FAIZABAD (U.P.)

## COUNSELLING SCHEDULE

**Document Verification Venue : Educational Museum Hall**

**Counselling Venue : Veterinary College Auditorium Hall**

## Important Notice

| Exam. | Reporting/ Document Verification | | Counselling | | From over all/ Combined rank | To over all / Combined rank | Total no. of candidates |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Date | Time | Date | Time | | | |
| UG (PCM+PCB+ PAG+PHS) | 24-6-2015 | 8.00 A.M. | 25-6-2015 | 8.00 A.M. | 1 | 300 | 300 |
| | 25-6-2015 | 8.00 A.M. | 26-6-2015 | 8.00 A.M. | 301 | 700 | 400 |
| | 26-6-2015 | 8.00 A.M. | 27-6-2015 | 8.00 A.M. | 701 | 1400 | 700 |
| | 27-6-2015 | 8.00 A.M. | 28-6-2015 | 8.00 A.M. | 1401 | 2400 | 1000 |
| | 28-6-2015 | 8.00 A.M. | 29-6-2015 | 8.00 A.M. | 2401 | 3600 | 1200 |
| | 29-6-2015 | 8.00 A.M. | 30-6-2015 | 8.00 A.M. | 3601 | 4800 | 1200 |
| | 30-6-2015 | 8.00 A.M. | 1-7-2015 | 8.00 A.M. | 4801 | 6000 | 1200 |

नोटः

1. ऐसे अभ्यर्थी जो केवल बी0वी0एससी0 एण्ड ए0एच0 पाठ्यक्रम में ही प्रवेश चाहते है वे इस कौन्सिलिंग में न आये। बी0वी0एससी0 एण्ड ए0एच0 पाठ्यक्रम में प्रवेश भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली से प्रवेश की अनुमति प्राप्त हाने पर ही किये जायेगे जो प्रक्रिया अन्तर्गत है।
2. भारतीय पशु चिकित्सा परिषद से बी0वी0 एससी0 एण्ड ए0एच0 पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति प्राप्त होने पर उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश की अलग से कौन्सिलिंग आयोजित की जाएगी जिसकी सूचना वेबसाइट पर डाली जायेगी।
3. अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (UPCATET) 2015 की कौन्सिलिंग में भाग लेने हेतु आवश्यक निर्देश नीच दिये गये हैं।

| रिर्पोटिंग स्थल | कौन्सिलिंग स्थल |
|---|---|
| शैक्षणिक म्यूजियम हाल,<br>नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,<br>कुमारगंज, फैजाबाद–224229 (उ0प्र0)। | प्रेक्षा गृह,<br>पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय,<br>नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,<br>कुमारगंज, फैजाबाद–224229 (उ0प्र0)। |

## रिपोर्टिंग एवं कौन्सिलिंग हेतु निर्देश

1. रिपोर्टिंग एवं कौन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने की दशा में प्रवेश का कोई दावा मान्य नही होगा।
2. कौन्सिलिंग में भाग लेने हेतु रू0 500.00(रूपया पॉच सौ मात्र) कौन्सिलिंग शुल्क का बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करना होगा। बैंक ड्राफ्ट **वित्त नियन्त्रक, नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, फैजाबाद (Comptroller, N.D.U.A.T., Faizabad)** के पक्ष में हो और जिसका भुगतान **भारतीय स्टेट बैंक पिठला (कोड़ नं0 6925)** पर प्राप्त किया जा सके।
3. **कौन्सिलिंग के समय निम्नलिखित ''प्रमाण पत्र मूलरूप में लाना अनिवार्य'' है। सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ–साथ एक–एक प्रमाणित फोटो कापी भी प्रस्तुत करनी होगी। बिना मूल प्रमाण पत्रों के कौन्सिलिंग में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान नही किया जायेगा।**
   - (i) हाई स्कूल परीक्षा का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
   - (ii) इण्टरमीडिएट परीक्षा का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
   - (iii) मास्टर्स पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को उपरोक्त क्रमांक (i) एवं (ii) के साथ स्नातक परीक्षा के अंक पत्र/ट्रॉसक्रिप्ट एवं उपाधि या पी0डी0सी0।
   - (iv) पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को उपरोक्त क्रमांक (i), (ii) एवं (iii) के साथ मास्टर्स पाठ्यक्रम की मार्कसीट/सेमेस्टर रिपोर्ट/ट्रॉसक्रिप्ट एवं उपाधि या पी0डी0सी0।
   - (v) शिक्षा ग्रहण करने की अन्तिम संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी0सी0)/माइग्रेशन प्रमाण पत्र।
   - (vi) उस संस्था के प्राचार्य द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र जहां से आपने अंतिम शिक्षा ग्रहण की है।
   - (vii) यदि आप अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी हैं तो नवीनतम शासनादेश के अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र। अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का प्रमाण–पत्र दिनांक 31.3.2015 के बाद का बना हुआ ही मान्य होगा। यह प्रमाण–पत्र सूचना विवरणिका के पृष्ठ 29 पर दिये गये प्रारूप पर होना चाहिए।
   - (viii) तीन पासपोर्ट साइज के नवीन फोटोग्राफ जैसा कि आवेदन पत्र पर चस्पा किया गया है।
   - (ix) अन्तिम शिक्षा ग्रहण करने के बाद यदि आप किसी शिक्षण संस्था में अध्ययनरत नहीं रहे तो उक्त अन्तराल से सम्बन्धित शपथ'पत्र जो कि नोटरी द्वारा सत्यापित/प्रमाणित हो।
   - (x) सक्रिय सेवा के सैनिक अथवा भूतपर्व सैनिक के पुत्र/पुत्री होने से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र। यह प्रमाण–पत्र सूचना विवरणिका के पृष्ठ 30 पर दिये गये प्रारूप पर होना चाहिये।
   - (xi) प्रदेश स्तर के खिलाड़ी होने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र । यह प्रमाण–पत्र सूचना विवरणिका के पृष्ठ 32 पर दिये गये प्रारूप पर होना चाहिए। यदि आपके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण–पत्र ठीक नही पाया गया अथवा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नही किया गया तो खेल–कूद के लिये दिये जाने वाले 2 प्रतिशत अंकों का लाभ कम करते हुये आपकी मेरिट निर्धारित कर दी जायेगी।
   - (xii) स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण पत्र
   - (xiii) विकलांगता प्रमाण–पत्र जैसा कि सूचना विवरणिका के पृष्ठ 31 पर दिया गया है। बी0वी0एस–सी0 एण्ड ए0एच0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विकलांगता की दशा में प्रमाण–पत्र सूचना विवरणिका के पृष्ठ 23 पर उल्लिखित शतो के अधीन ही मान्य होगा।
   - (xiv) उत्तर प्रदेश के स्थाई निवासी होने का सामान्य प्रमाण–पत्र जैसा कि सूचना विवरणिका के पृष्ठ 29 पर दिया गया है।
   - (xv) पेमेन्ट सीट पर स्वेच्छा से प्रवेश लेने सम्बन्धी नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र जो कि 10 रू0 नांन जूडिशियल स्टैम्प पेपर पर प्रस्तुत करना होगा।
4. अभ्यर्थी के हस्ताक्षर आवेदन पत्र पर किये गये हस्ताक्षर से मिलना आवश्यक है।
5. कौन्सिलिंग में बुलाये जाने का यह तात्पर्य नही है कि आपको प्रवेश मिल ही जाएगा। जिस मेरिट स्तर पर समस्त सीटें भर जाएगी वही कौन्सिलिंग समाप्त कर दी जायेगी।
6. प्रवेश परीक्षा की मेरिट क अनुसार प्रवेश के स्तर पर पहुँचने एवं प्रमाण–पत्रों की जांच के उपरान्त यदि आप प्रवेश के लिए उपयुक्त पाये गये तो सीट आवण्टन के समय निम्नलिखित शुल्क जमा करना होगा। शेष शुल्क जिस विश्वविद्यालय में आपको सीट आवन्टित होगी वहां पर जमा करना होगा।

   (क) प्रवेश हेत प्रत्येक श्रेणी के अभ्यर्थी को प्रारम्भिक प्रवेश शुल्क के रूप में रू0 5000.00 (रू0 पांच हजार मात्र) की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो भारतीय स्टेट बैंक का बना हो और **''वित्त नियन्त्रक''** नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद के पक्ष में हो और जिसका भुगतान भारतीय स्टेट बैंक, पिठला (कोड़ संख्या 6925) पर देय हो। नगद भुगतान स्वीकार नही किया जायेगा। ड्राफ्ट न होने की स्थिति में आपको आवण्टन नहीं दिया जायेगा। आवण्टन शुल्क किसी भी दशा में वापस नही किया जायेगा।

   (ख) ऐसे अभ्यर्थी जो पेमैन्ट सीट अथवा एन0आर0आई0 सीट पर प्रवेश चाहते हो उन्हें उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रोद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2015 की सूचना विवरणिका के पृष्ठ 17 एवं 18 पर उल्लिखित विवरण के अनुसार पेमैन्ट/एन0आर0आई0 सीट के शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जो भारतीय स्टेट बैंक से बना हो और **''वित्त नियन्त्रक''** नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद के पक्ष में हो और जिसका भुगतान भारतीय स्टेट बैंक, पिठला (कोड़ संख्या 6925) पर देय हो तुरन्त देना होगा। इस सम्बन्ध में नगद भुगतान स्वीकार नही किया जायेगा। एक बार एन0आर0आई0/स्पान्सर्ड अथवा पेमेन्ट सीट आवंटित होने के उपरान्त कालान्तर में उसे फ्री सीट पर परिवर्तित नही किया जायेगा। पेमेन्ट सीट हेतु जमा की कई धनराशि किसी भी दशा में वापस नही की जायेगी।
7. कौन्सिलिंग हेतु अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से कोई सूचना प्रेषित नही की जायेगो बल्कि कौन्सिलिंग पत्र एवं अन्य सूचना बेवसाइट पर डाल दी जायेगी। यह अभ्यर्थी का दायित्व होगा कि वह नियमित रूप से बेवसाइट देखता रहे और अपना कौन्सिलिंग पत्र डाउन लोड करके कौन्सिलिंग मे भाग ले। यदि कोई अभ्यर्थी कौन्सिलिंग पत्र के अभाव में कौन्सिलिंग में भाग नहो लेता है तो इसके लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा।

**(पी0के0 सिंह)**
कुलसचिव

---

**नोट :**

1. **यदि कोई अभ्यर्थी उपरोक्त वांछित प्रमाण–पत्रों में से कोई भी प्रमाण–पत्र कौन्सिलिंग के समय प्रस्तुत नही करता है अथवा वांछित शुल्क नही जमा करता है तो उसे मैरिट में रहते हुए भी प्रवेश नही दिया जायेगा और उसके नीचे की मैरिट वाले अभ्यर्थी को अवसर प्रदान कर दिया जायेगा।**
2. **नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद–रायबरेली रोड़ पर फैजाबाद से 40 कि0मी0 एवं जगदीशपुर (निहालगढ) से 25 कि0मी0 पर स्थित है। फैजाबाद बस स्टेशन या रेलवे स्टेशन से नाका आकर बस या टैक्सियों से कुमारगंज आया जा सकता है। इसी प्रकार लखनऊ–वाराणसी मार्ग पर जगदीशपुर बस स्टेशन या निहालगढ़ रेलवे स्टेशन से बसों एवं टैक्सियों द्वारा कुमारगंज पहुँचा जा सकता है।**